कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.03.2026

/ प्रेस विज्ञप्ति /

कन्या महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग हिन्दी, भूगोल, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 07/03/2026 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। उन्होने ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और रोचक रहा। इस भ्रमण से छत्तीसगढ़ के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के बारें में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

इस शैक्षणिक भ्रमण में एम.ए. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं शामिल हुई। हमारे महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के ज्ञान और अनुभव को बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का दर्शन कराया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं को शिवरीनारायण, गिरौदपुरी और सोनाखान स्थलो का भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य इन स्थलों मे स्थित शिवरीनारायण मंदिर यहाँ शबरी माता का मंदिर एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल है जहाँ माता शबरी ने भगवान राम को मीठे बेर खिलाए थे।

हमें यहाँ के धार्मिक महत्व और पौराणिक कथाओं के बारे में जानकारी लेकर गिरौदपुरी धाम का भ्रमण कर वहाँ पर महान संत गुरु घासीदास जी की जन्मभूमि के रूप में प्रसिद्ध है। यहाँ स्थित जैतखाम विश्व का सबसे ऊँचा स्तंभ माना जाता है, जो सत्य और समानता का प्रतीक है। अन्त में हमने सोनाखान का भ्रमण किया। यह महान स्वतंत्रता सेनानी वीर नारायण सिंह से जुड़ा हुआ स्थान है। यहाँ हमें उनके जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के बारे में जानकारी मिली।

इस शैक्षणिक भ्रमण में डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, श्री अरविंद लोखंडे, कु. रश्मि नौरंगे, श्री नितिन देवांगन, श्री विजय चंद्राकर का योगदान रहा है।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य

कन्या महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण